आचार्य वाचस्पति उपाध्याय स्मारक व्याख्यानमाला
दिनांक १९.०३.२०१९ का प्रतिवेदन

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ के शोध विभाग द्वारा ''आचार्य वाचस्पति उपाध्याय स्मारक व्याख्यानमाला'' दिनांक 19.03.2019 को वाचस्पति सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी ने की। माननीय कुलपति महोदय ने विद्यापीठ के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में विद्यापीठ के संस्थापक कुलपति डॉ. मण्डन मिश्र का महनीय योगदान एवं आचार्य वाचस्पति उपाध्याय के द्वारा पल्लवित विद्यापीठ को व्याख्यायित किया एवं उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने के लिए छात्रों तथा अध्यापकों को प्रेरित किया। उक्त व्याख्यानमाला में विशिष्टातिथि के रूप में इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, दिल्ली के प्रख्यात इतिहासविद प्रो. कपिल कुमार ने ''राष्ट्रवाद का ऐतिह्य'' विषय में विशिष्ट व्याख्यान दिया। वैदिक मंगलाचरण डॉ. सुन्दरनारायण झा एवं पौराणिक मंगलाचरण प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल ने किया। व्याख्यानमाला में स्वागत भाषण दर्शन संकाय प्रमुख प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन ज्योतिष विभाग के आचार्य बिहारीलाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संयोजन शोध विभागाध्यक्ष डॉ. शिवशंकर मिश्र ने किया। इस व्याख्यानमाला में कुलसचिव डॉ. अलका राय, परीक्षा नियन्त्रक डॉ. एन.पी. सिंह, शैक्षणिक संकाय प्रमुख प्रो. सुदीप कुमार जैन, वेदवेदाङ्ग संकाय प्रमुख प्रो. प्रेम कुमार शर्मा, शिक्षाशास्त्र संकाय प्रमुख प्रो. के. भारतभूषण, छात्रकल्याण संकाय प्रमुख प्रो. कमला भारद्वाज, विद्यापीठ के अन्य आचार्य एवं कर्मचारी गण प्रो. मीनू कश्यप, डॉ. रामानुज उपाध्याय, डॉ. आदेश कुमार, डॉ. आदित्य पंचोली, डॉ. ज्ञानधर पाठक, डॉ. जीवन कुमार भट्टराई, श्री प्रभाकर उपाध्याय एवं विशिष्टाचार्य, विद्यावारिधि सत्रीय पाठ्यक्रम के शोधच्छात्रों ने भाग लिया।

उक्त व्याख्यानमाला से शोधच्छात्रों ने राष्ट्रवाद एवं विद्यापीठ के ऐतिह्य के विषय में ज्ञान प्राप्त किया। व्याख्यानमाला के आयोजन से निश्चित ही सभी लाभान्वित हुए।

(डॉ. शिवशङ्कर मिश्र)
शोध विभागाध्यक्ष
संयोजक- आचार्य वाचस्पति उपाध्याय स्मारक व्याख्यानमाला